लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश
संख्या– 09/4/ई–6/2019–20
प्रयागराजः दिनांक 17 अगस्त, 2020

विज्ञप्ति

आयोग के विज्ञापन संख्या ए–3/ई–1/2019, दिनांक 15–11–2019 के द्वारा विज्ञापित कम्प्यूटर सहायक (उ0प्र0 लोक सेवा आयोग) परीक्षा 2019 के संदर्भ में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा उक्त परीक्षा दिनांक 23 अगस्त 2020 (रविवार) को एक सत्र में (मध्यान्ह 12:00 बजे से अपरान्ह 1:30 बजे तक) प्रदेश के दो जनपदों प्रयागराज एवं लखनऊ के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। प्रश्नगत परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट http://uppsc.up.nic.in पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी अपने रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं जन्मतिथि के आधार पर प्रवेश पत्र तथा अनुदेश डाउनलोड कर, प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर नियत तिथि एवं समय पर दो फोटो एवं आई.डी.प्रूफ की मूल एवं छाया प्रति लेकर उपस्थित हों।

प्रश्नगत परीक्षा के अभ्यर्थियों द्वारा निम्नलिखित दिशा निर्देश का पालन किया जाना अनिवार्य है:–

1–अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा केन्द्र पर फेस मास्क एवं सेनेटाइजर लेकर आना अनिवार्य है।

2–अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में एक घंटे पूर्व (प्रातः 11:00 बजे से) प्रवेश दिया जायेगा तथा परीक्षा प्रारम्भ होने के पश्चात विलम्बतम् 15 मिनट (अपराह्न 12:15 बजे तक) तक प्रवेश दिया जायेगा।

3–अभ्यर्थी अपने पीने हेतु पानी की बोतल साथ रखें।

Amin 17/8/2020

(अरविन्द कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक।